सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 06 अप्रैल, 2024

राजभवन परिसर देहरादून प्राकृतिक सौंदर्य और अलग जैव विविधता से भरपूर है। इसके सौंदर्य में अभिवृद्धि के मकसद से राजभवन में बहुत जल्द ''बटरफ्लाई गार्डन'' तैयार किया जाएगा जिससे राजभवन आने वाले आगंतुक तितलियों के रंग–बिरंगे संसार का दीदार कर सकेंगे। इस संबंध में शनिवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रमुख वन संरक्षक(वन्यजीव) समीर सिन्हा से व्यापक चर्चा की।

राज्यपाल ने कहा की उत्तराखंड में अलग जैव विविधता के साथ ही तितलियों का मोहक संसार बसता है। देशभर में पाई जाने वाली तितलियों की प्रजातियों में उत्तराखंड में यह प्रजातियां बहुतायत में पायी है। उन्होंने कहा की राजभवन परिसर में विभिन्न प्रकार के पेड़–पौधे हैं जो तितलियों और पक्षियों के लिए मुफीद है।

उन्होंने कहा कि राजभवन परिसर में नक्षत्र वाटिका, बोनसाई गार्डन और राजप्रज्ञेश्वर शिव मंदिर सहित विविध प्रजाति के पेड़–पौधे और तरह–तरह के पुष्पों की वाटिकाएं हैं जो यहां आने वाले आगंतुकों को सहज ही अपनी ओर आकर्षित करते हैं। परिसर को और भी सौंदर्य युक्त करने के लिए इसमें ''बटरफ्लाई गार्डन'' को भी शामिल किया जा रहा है जो यहां आने वाले लागों को आकर्षित करेगा। श्री समीर सिन्हा ने कहा कि इसके लिए जल्द ही जल्द इस पर कार्ययोजना तैयार कर काम शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर तितली ट्रस्ट के संजय सोंधी भी मौजूद रहे।

..........0..........